मौत का घूंटः हिमाचल के ठेकों में बिक रही है जहरीली और नकली शराब!

ऊना. हिमाचल प्रदेश में नकली और जहरीली शराब की सप्लाई हो रही है. यह हम नहीं कह रहे हैं. पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है. हाल ही में जिला ऊना **(Una)** में पकड़ी गई शराब की जांच में यह बात सामने आई है. इधर, मामले के तार करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मंडी में हुए नकली शराब कांड के मुख्य सरगना से जुड़े हैं. आरंभिक तौर पर 45 पेटी नकली शराब **(Fake Liquor)** के साथ दबोचे गए दोनों आरोपियों की पूछताछ के दौरान यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है. पुलिस की मानें तो गौरव मिन्हास नाम के इसी मुख्य आरोपी का नाम इस मामले में भी सामने आने के बाद पुलिस ने इस शराब की सत्यता की जांच करवाना शुरू किया था, जिसमें यह शराब नकली पाई गई. उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह सामने आया कि इस नकली शराब की सप्लाई जिला ऊना के कई क्षेत्रों में की जा चुकी है. इसकी पकड़ के लिए पुलिस ने आबकारी एवं कराधान विभाग को साथ लेकर व्यापक स्तर पर मुहिम शुरू कर दी है. नकली शराब के इस ताजातरीन कांड में मंडी शराब कांड के कितने आरोपी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, यह जांच का विषय है. इसके साथ साथ इस शराब का उत्पादन और पैकेजिंग कहां की गई इसको लेकर भी पुलिस तथ्य जुटाने में काम पर लग गई है.

बता दें कि जिला ऊना के बहडाला में शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि अवैध शराब पकड़ी गई थी. पुलिस ने 45 पेटी अवैध देसी शराब पकड़ी थी. दोनों आरोपियों मोहित राजपूत और अश्विनी कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने यह शराब गौरव मिन्हास नाम के व्यक्ति से ली थी.

मंडी जहरीली शराब कांड का सरगना फिर सक्रिय

गौरव मिन्हास वही व्यक्ति है, जो करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मंडी में हुए नकली शराब कांड का मुख्य सरगना रहा. गौरव का नाम सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने इस शराब की सत्यता की जांच करवाने का फैसला किया. इसके चलते आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों को इस जांच का हिस्सा बनाया गया. आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस शराब के नकली होने की पुष्टि की. इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों पर शिकंजा और कस लिया है. इन आरोपियों ने एक पूरे डंप का खुलासा किया है. इसी कड़ी में मैहतपुर इंडस्ट्रीज एरिया के तहत एक खाली पड़े प्लाट में जब छापेमारी की गई तो पुलिस ने 375 पेटी और बरामद की. जांच में यह शराब भी नकली पाई गई.
Source: https://hindi.news18.com/news/himachal-pradesh/spurious-and-fake-liquor-supply-in-himachal-una-police-arrested-2-accused-mandi-hooch-tragedy-6367771.html